सम्राट चौधरी ने महादलित बस्ती में मनायी दीपावली

लोगों से मिलकर दीं शुभकामनाएं, भेंट किये उपहार

(निज प्रतिनिधि)

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीपावली के पावन अवसर पर दीघा आशियाना रोड स्थित महालक्ष्मी देवी जी की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना की तथा राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वहां स्थित महादलित बस्ती में पहुंचकर स्थानीय निवासियों से मुलाकात की, उनके साथ दीपावली का पर्व मनाया, उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा उपहार भेंट किए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली के शुभ अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। मेरी कामना है कि बिहार समृद्धि के मार्ग पर और मजबूती के साथ आगे बढ़े तथा राज्य में सुख, शांति और खुशहाली का वातावरण कायम रहे। उन्होंने कहा कि मैंने बिहार के सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों से विशेष आग्रह किया है कि वे आदिवासी, अनुसूचित जाति एवं अतिपिछड़े समाज के लोगों के बीच जाकर उनके साथ दीपावली का पर्व मनाएं। समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनना हम सभी का



दायित्व है। त्योहारों की वास्तविक खुशी तभी सार्थक होती है, जब समाज के सभी वर्गों के लोग इसमें समान रूप से सहभागी बनें।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के 1 करोड़ 92 लाख परिवारों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो संपन्न उपभोक्ता स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी का लाभ छोड़ना चाहते हैं, वे ऐसा कर सकते हैं। इसके लिए आगामी 1 दिसंबर से विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित बिहार दौरे के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आदरणीय प्रधानमंत्री बिहार आ रहे हैं। उनके आगमन पर राज्य को कई महत्वपूर्ण सौगातें मिलेंगी, जिससे बिहार के विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश की सीमाओं पर तैनात जवानों के बीच जाकर दीपावली मनाते रहे हैं। आज वे नक्सलवाद से मुक्त हो चुके बस्तर में जवानों के साथ दीपावली मना रहे हैं। यह देश के जवानों के प्रति उनके सम्मान और संवेदनशीलता को दर्शाता है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तथा देश की सीमाओं एवं आंतरिक सुरक्षा में तैनात सभी जवानों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। इस अवसर पर विधायक संजीव चौरसिया, अन्य जन प्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 30 से, औपबंधिक कार्यक्रम जारी

(आज समाचार सेवा)

पटना। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र ३० नवंबर से शुरू होगा, जो चार दिसंबर तक चलेगा। संसदीय कार्य से जारी अधिसूचना के बाद विधानसभा सचिवालय ने सोमवार को ऑपबंधिक कार्यक्रम जारी कर दी है। विधानसभा सचिवालय से जारी औपबंधिक कार्यक्रम के अनुसार, ३० नवंबर को शपथ या प्रतिज्ञान विधानसभा सत्र नहीं रहने की अवधि में राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों को सदन पटल पर रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष २०२६-२७ के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन शोक प्रकाश यदि हो। एक दिसंबर एवं २ दिसंबर को राजकीय विधेयक एवं अन्य अराजकीय कार्य, ३ दिसंबर को वित्तीय वर्ष २०२६-२७ के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी पर वाद-विवाद, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक तथा ४ दिसंबर को गैर सरकारी सदस्यों कार्य गैर सरकारी संकल्प लिये जाएंगे।

कांग्रेस में कई शामिल

पटना (आससे)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के हाथों औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत संडा के सम्मानित मुखिया एवं हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के औरंगाबाद युवा जिलाध्यक्ष गुलाम सरवर तथा युवा नेता मुकेश मेहता ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाकर कांग्रेस परिवार में उनका स्वागत किया।

अनंत सिंह बेटी की शादी में देंगे 2.5 करोड़ की डिफेंडर

पटना (निप्र)। बिहार की सियासत में अपनी अलग पहचान रखने वाले मोकामा विधायक अनंत सिंह के घर इन दिनों शादी की शहनाइयां गूंजने की तैयारी है। उनकी छोटी बेटी शिवांगी की शादी 25 नवंबर को होने जा रही है। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए परिवार की ओर से बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। शादी की रौनक, मेहमानों की खातिरदारी और करोड़ों रुपये के शाही तोहफे इस समारोह को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं।



इस शादी में सबसे अधिक सुर्खियां अनंत सिंह की ओर से अपने होने वाले दामाद ऋषिकेश कुमार को दिए जाने वाले बेशकीमती तोहफे ने बटोरी हैं। बताया जा रहा है कि अनंत सिंह उन्हें करीब 2 से 2.50 करोड़ रुपये की लग्जरी एसयूवी लैंड रोवर डिफेंडर भेंट करने जा रहे हैं। खास बात यह है कि गाड़ी पटना पहुंच चुकी है। हालांकि, इसके सटीक वेरिएंट और अंतिम कीमत को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।लैंड रोवर डिफेंडर देश की महंगी और शानदार एसयूवी में शुमार है। अपनी दमदार बनावट, शानदार ऑफ-रोड क्षमता और आलीशान इंटीरियर के लिए इसकी खास पहचान है। गाड़ी में आधुनिक तकनीक, बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, ऑल-व्हील ड्राइव और एडवांस ड्राइविंग असिस्टेंस जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इस तरह बेटी की विदाई से पहले दामाद को दिया जाने वाला यह तोहफा समारोह का बड़ा आकर्षण बन गया है।शादी के जश्न के साथ अनंत सिंह के परिवार में एक और मांगलिक आयोजन होने जा रहा है। उनके छोटे बेटे अभिनव सिंह का जनेऊ संस्कार भी इसी दौरान आयोजित किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर अनंत सिंह अपने बेटे को बीएमडब्लू कार भेंट करने की तैयारी में हैं। यानी एक ही पारिवारिक समारोह में दामाद के लिए डिफेंडर और बेटे के लिए बीएमडब्लू की सौगात चर्चा में है।

25 नवंबर को अनंत सिंह के पैतृक गांव लदमा में होने वाले इस विवाह समारोह को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। इसके लिए करीब 10 बीघा जमीन पर मंडप और विशाल पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। मेहमानों के स्वागत और खानपान के लिए भी खास इंतजाम किए जा रहे हैं। करीब 150 से अधिक तरह के पकवान परोसने की तैयारी है। आयोजकों की योजना लगभग 4 लाख लोगों के भोजन की व्यवस्था करने की है।इस शाही शादी में मनोरंजन जगत की नामचीन हस्तियों को भी न्योता भेजा गया है। पवन सिंह, अक्षरा सिंह और आयशा खान समेत बॉलीवुड तथा भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के करीब 36 कलाकारों को आमंत्रित किए जाने की बात सामने आई है। इसके अलावा दुबई से छह मॉडल के भी समारोह में पहुंचने की तैयारी है।, शिवांगी की शादी और अभिनव के जनेऊ संस्कार को लेकर अनंत सिंह का परिवार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, अरवल

अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–01, वर्ष 2026–27

भवन प्रमंडल, अरवल अन्तर्गत निर्माणाधीन/संचालित योजनाओं के क्रियान्यवन एवं निरीक्षण हेतु चालक एवं ईंधन सहित भाड़े पर 11 माह के लिए वाहन की आवश्यकता है।

(1) उक्त वाहन को भाड़े पर चालक एवं ईंधन सहित उपलब्ध कराने हेतु सक्षम पंजीकृत फार्म/व्यक्ति से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन जमा करने का अंतिम तिथि–18.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक, स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, अरवल एवं अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, गया। कोटेशन खोलने की तिथि–19.11.2026 अपराहन् 3.30 बजे तक, स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, अरवल।

कार्य का विवरण :–

गाड़ी का विवरणी	भाड़े की दर रूपये/ प्रति माह	मात्रा
Creta/XL6 /Scorpio		1 अदद्

PR. No. 015173 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, अरवल

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

बिजली सब्सिडी छोड़ने के लिए 1 दिसंबर से चलेगा अभियान

पटना (आससे)। बिहार सरकार 1 दिसंबर से बिजली सब्सिडी छोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न परिवारों और आयकरदाताओं से 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ स्वेच्छा से छोड़ने की अपील की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पटना में दीपावली के अवसर पर झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले गरीब और वंचित परिवारों के बीच पहुंचकर यह ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटीं और उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार बिजली सब्सिडी पर सालाना करीब 23 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है। ऐसे में संपन्न परिवार यदि स्वेच्छा से 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ छोड़ दें, तो सरकार इन संसाधनों का इस्तेमाल विकास कार्यों में कर सकेगी।

उन्होंने कहा, इस अभियान के तहत लोगों को स्वेच्छा से सब्सिडी का लाभ छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से एलपीजी सब्सिडी छोड़ने की अपील की थी, उसी तरह बिहार सरकार भी यह पहल कर रही है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, सरकार प्रत्येक परिवार को सालाना करीब 10 हजार रुपये की बिजली सब्सिडी दे रही है। जो लोग स्वेच्छा से इस सुविधा का त्याग करेंगे, उन्हें उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह पटना में आयोजित युवा संसद के दौरान भी संपन्न परिवारों और आयकरदाताओं से बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील की थी।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से आदिवासी क्षेत्रों में जाकर दलित और अत्यंत पिछड़े समुदायों के लोगों के साथ दीपावली मनाने की अपील भी की।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इन समुदायों के लोगों के सुख-दुख में शामिल होना चाहिए और उनके जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहार सभी को मिलकर मनाना चाहिए और कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। इसी उद्देश्य से वह खुद भी झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लोगों के बीच पहुंचे हैं।

तेजस्वी ने 37 पाउंड का केक काटकर मनाया जन्मदिन

पटना (आससे)। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का 37वां जन्मदिन सोमवार को राजद के प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में सामाजिक



सद्भाव दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जुटे। तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ताओं के बीच 37 पाउंड का केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान केक और मिठाइयां भी बांटी गईं। कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर तेजस्वी यादव ने कहा कि सभी नेता और कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ लालू प्रसाद यादव के विचारों को आगे बढ़ाएं। नफ़रत की राजनीति को समाप्त कर नौकरी और रोजगार की राजनीति को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि लोगों का प्यार और स्नेह उनके लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ संघर्ष और आंदोलन के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। तेजस्वी ने कहा कि गांव गांव और घर घर जाकर लालू प्रसाद यादव का संदेश पहुंचाएं ताकि नफरत की राजनीति को परास्त किया जा सके।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, टिकारी (गयाजी)

Email-eeeshltikari@gmail.com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2026–27

पत्रांक– 655 ,

1). कार्य का विवरण :–

ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की
01	सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल टिकारी, अन्तगर्त सोन शिविर परिसर में अवस्थित Type-D3 एवं D5 अवासीय भवनों का मरम्मति, रंगरोगण एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु।	13,02,000.00	26,040.00	2500.00	45 दिन

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक– 04.11.2026
3. विभाग का नाम : जल संसाधन विभाग, बिहार
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम और पता : कार्यपालक अभियंता, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, टिकारी (गयाजी)
5. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 23.11.2026 से 27.11.2026 तक 3:00 बजे अपराहन तक कार्यालय अवधि में।
6. तकनीकी एवं वितीय निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 27.11.2026 को 04:00 बजे अपराहन तक।
7. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.11.2026 को अपराहन 4:30 बजे
8. वितीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी बिड स्वीकृति के पश्चात तिथि एवं समय की सूचना दी जायेगी।
9. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद । (ख) अधीक्षण अभियंता सोन उच्चस्तरीय नहर अंचल, औरंगाबाद। (ग) कार्यपालक अभियंता, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, टिकारी, गया।
10. तकनीकी एवं वित्तीय बीड प्रप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, टिकारी
11. निविदा की वैधता की अवधि :120 दिन।

निविदा के नियमों एवं शर्तो की जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट तथा परिमाण विपत्र के बिक्री की स्थलों पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल टिकारी, गयाजी।
मो0 नं0– 7463889732

PR. No. 015052 (WRD) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

नीतीश कुमार ने 20 वर्षों में वह काम कर दिखाया, जो पिछले एक हजार वर्षों में नहीं हुआ : संजय झा

'सुशासन दिवस- नीतीश संवाद' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जदयू की वर्चुअल बैठक में नीतीश कुमार भी हुए शामिल

पटना (आससे)। आगामी २४ नवंबर को आयोजित होनेवाले 'सुशासन दिवस-नीतीश संवाद' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज जिला कार्यक्रम प्रभारियों, जिलाध्यक्षों एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों का फीडबैक लिया तथा इसके सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार सरकार की मंत्री सह प्रदेश कार्यक्रम संयोजक श्रीमती लेशी सिंह, बिहार विधान परिषद में सत्तारुढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ एवं मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, डा.अमरदीप, अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा, शंभू कुशवाहा, सुमित कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

बैठक में 'सुशासन दिवस- नीतीश संवाद' कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी।

ज्ञातव्य है कि जनता दल यू द्वारा १७ से १९ नवंबर तक सभी पंचायतों/ वार्ड स्तर पर 'सुशासन नीतीश परिचर्चा' आयोजित की जायेगी। वहीं, २० से २२ नवंबर तक प्रखंड/सेक्टर स्तर पर तैयारी बैठकें होंगी। इसके बाद २४ नवंबर को सभी जिलों में 'सुशासन दिवस- नीतीश संवाद' का भव्य आयोजन किया जाएगा।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि एक समय था, जब 'बिहारी' शब्द को गाली के पर्याय के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन वर्ष २००५ में जब नीतीश कुमार ने बिहार



की बागडोर संभाली, तब उन्होंने अपने दूरदर्शी विजन और विकासोन्मुखी नीतियों से बिहार की तस्वीर और बिहारियों के प्रति देश की धारणा बदलने का काम किया। नीतीश कुमार ने २० वर्षों में वह काम कर दिखाया, जो पिछले एक हजार वर्षों में नहीं हुआ था।

श्री झा ने कहा कि 'सुशासन दिवस-नीतीश संवाद' के माध्यम से नीतीश कुमार के कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके लिए हर लाभार्थी तक पहुंच बनानी है और उन्हें कार्यक्रम से जोड़ना है।

प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि २४ नवंबर की तारीख हर बिहारवासी के लिए विशेष महत्व रखती है। यह वही ऐतिहासिक दिन है, जब वर्ष २००५ में नीतीश कुमार ने बिहार की बागडोर संभाली और राज्य को जंगल राज एवं कुशासन से बाहर निकालकर विकास एवं सुशासन की नयी दिशा देने का काम शुरू किया। उन्होंने बिहार के पुराने गौरव को पुन: स्थापित करने के लिए निरंतर काम किया।

21 को औद्योगिक भविष्य की नयी इबारत लिखी जायेगी

पटना (निप्र)। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वैशाली आगमन बिहार के विकास और औद्योगिक



भविष्य के लिए महत्वपूर्ण अवसर होगा। प्रधानमंत्री के आगमन से राज्य को विकास की नई सौगात मिलेगी और बिहार के औद्योगिक विकास को नई गति प्राप्त होगी।

संजय सरावगी सोमवार को जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक, हम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्रवंशी उपस्थित रहे। संजय सरावगी ने कहा कि 20 नवंबर को बिहार में एनडीए सरकार के एक वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर बिहार सरकार की ओर से वैशाली जिले के राजापाकर प्रखंड स्थित जाफरपट्टी औद्योगिक क्षेत्र में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि वैशाली की ऐतिहासिक धरती से बिहार के औद्योगिक भविष्य की नई इबारत लिखी जाएगी। जाफरपट्टी औद्योगिक क्षेत्र का विकास स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इसका विकास स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर पैदा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। वैशाली की ऐतिहासिक धरती से बिहार के औद्योगिक भविष्य की नई इबारत लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का बिहार के प्रति रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि विश्वास और विकास का रिश्ता है। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सड़क, रेल, हवाई संपर्क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बिहार को नई गति दी है। अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सुशासन से समृद्धि की ओर बिहार आगे बढ़ रहा है। सरकार का प्रयास है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और युवाओं को अपने प्रदेश में ही रोजगार एवं स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर मिलें। सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री का 21 नवंबर का दौरा बिहार के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री बिदुपुर सिक्सलेन पुल का उद्घाटन भी करेंगे। यह आमस-दरभंगा ग्रीनफील्ड कॉरिडोर से जुड़ा महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे उत्तर बिहार और मिथिलांचल में विकास की नई संभावनाएं विकसित होंगी। आवागमन सुगम होने से व्यापार, उद्योग, कृषि और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी लाभ मिलेगा।

76 हजार स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का होगा विकास

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में 76 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा। इसके लिए सरकार ने कंपोजिट ग्रांट के रूप में 372 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इससे सरकारी स्कूलों को अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग के मुख्यालय पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इस राशि से लघु मरम्मत, रखरखाव और रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति स्कूल स्तर पर ही करायी जायेगी।

कंपोजिट ग्रांट के रूप में 372 करोड़ की राशि मंजूर

सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत होने वाली इस पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों की आधारभूत संरचना को बेहतर बनाना है। कई विद्यालयों में छोटी-मोटी मरम्मत और रखरखाव के कार्य राशि के अभाव में लंबित रह जाते हैं। कई बार इन कार्यों के लिए विभागीय स्तर पर प्रस्ताव भेजने और स्वीकृति मिलने का इंतजार करना पड़ता है। नयी व्यवस्था से विद्यालयों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी जरूरतें पूरी करने का अवसर मिलेगा। कंपोजिट ग्रांट की राशि से विद्यालय भवनों की छोटी-मोटी मरम्मत, रंग-रोगन, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई और रखरखाव समेत अन्य जरूरी कार्य कराए जा सकेंगे। इसके अलावा शिक्षण गतिविधियों के संचालन में आने वाली आवर्ती आवश्यकताओं को भी पूरा करने में इस राशि का उपयोग किया जा सकेगा। स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों को दुरुस्त रखने और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में भी यह राशि मददगार होगी। कंपोजिट ग्रांट उपलब्ध होने से स्कूलों को अपनी वास्तविक जरूरतों के आधार पर काम कराने में सहूलियत होगी। किसी स्कूल में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत होगी, तो कहीं शौचालय या कक्षा-कक्षों की मरम्मत प्राथमिकता हो सकती है। इसी तरह बिजली, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान किया जा सकेगा। इससे स्कूलों को छोटी समस्याओं के लिए बार-बार विभागीय कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस पहल से राज्य के 76 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का रास्ता खुलेगा। विद्यालयों के रखरखाव के लिए नियमित रूप से संसाधन उपलब्ध होने से भवन और परिसर की स्थिति बेहतर रखने में मदद मिलेगी। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलेगा।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल–02, मुजफ्फरपुर

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2026–27

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1.कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – बिहार मंदिर चहारदीवारी योजना

ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)
01	02	03	04	05	06	07
1	सरैया प्रखंड अंतर्गत गोपीधनवत पंचायत के ग्राम रतनपुरा में रामजानकी मंदिर का चहारदीवारी निर्माण कार्य।	21.356	42800	5000	As per eproc 02	चार माह

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक 09.11.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 30.11.2026 से 04.12.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 04.12.2026 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.12.2026 समय 3.30 बजे अपराह्न (कंडिका 4 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पश्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
7. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ई–मेल आई0डी0– eproc2support@bihar.gov.in, Working Hours 8:00 am to 7:00 pm से प्राप्त किया जा सकता है। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी eproc2.0 helpdesk, Address-mjunction services ltd., R.J. Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S.-Shastri Nagar, Patna-800014 से प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 015228 (Planning) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल– 02, मुजफ्फरपुर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार के विकास का रोडमैप तैयार करेगा ट्रांसफार्मिंग बिहार 2027 सम्मेलन

पटना (आससे)। बिहार के औद्योगिक विकास, निवेश की संभावनाओं और वर्ष 2047 तक राज्य को समृद्ध अर्थव्यवस्था बनाने की रणनीति पर मंथन के लिए जनवरी 2027 में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा। ग्लोबल कन्वेंशन ऑन ट्रांसफॉर्मिंग बिहार 2027 के पोर्टल का सोमवार को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने शुभारंभ किया। सम्मेलन 12 और 13 जनवरी को पटना के सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में होगा। इसमें देश विदेश के करीब 1500 शिक्षाविद्, उद्योगपति, निवेशक, शोधकर्ता, नीति निर्माता और प्रवासी बिहारी शामिल होंगे। इससे पहले 10 और 11 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय प्री.कन्वेंशन कॉन्फ्रेंस और रिसर्च फोरम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री



ने कहा कि वर्ष 2007 में रिसर्जेंट बिहार और 2012 में चेंजिंग बिहार की थीम पर ग्लोबल आयोजन हुआ था। अब 2027 में ट्रांसफॉर्मिंग बिहार की थीम राज्य में हो रहे बदलाव और विकास की नई दिशा को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उद्योग विभाग के सचिव एवं बिहार फाउंडेशन के सीईओ कुंदन कुमार ने कहा कि सम्मेलन उद्योग जगत, अकादमिक संस्थानों और नीति निर्माताओं को साझा मंच उपलब्ध कराएगा। इससे बिहार को मजबूत औद्योगिक एवं निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। सम्मेलन में औद्योगिकीकरण, सतत शहरीकरण तथा शिक्षा एवं कौशल विकास पर विशेष विमर्श होगा। सात पूर्ण सत्रों और दस विषयगत सत्रों में स्टार्टअप, आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, कृषि विविधीकरण, रोजगार, महिला सशक्तीकरण, पर्यटन, निवेश और सुशासन जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा निवेश डेस्क, स्टार्टअप पिच, महिला उद्यमिता पवेलियन, युवा संवाद और प्रवासी बिहारी मंच जैसे आयोजन भी होंगे। इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट के निदेशक एवं सम्मेलन निदेशक प्रो अलख एन शर्मा ने बताया कि सम्मेलन के निष्कर्षों के आधार पर बिहार घोषणा पत्र 2027 और बिहार विजन 2047 नीतिगत मार्ग रिपोर्ट तैयार की जाएगी।